तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 16.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, रविवार 30 नवंबर 2025



10 परिक्षेत्र साहू समाज पिपरौद के नए पदाधिकारियों...





12 डबल इंजन सरकार की सुगम व्यवस्था से किसान खुश






## खबर संक्षेप

### शताब्दी महोत्सव का भव्य समापन आज

नवापारा-राजिम। पूरे महिने भर चले श्री राधाकृष्ण मंदिर परिसर में शताब्दी महोत्सव का आखिरी दिन



आज रविवार को श्री विष्णु यज्ञ प्रातः 7 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक होगा। 3 बजे से 6 बजे तक वृंदावन से आई दीदी श्री राधा किशोरी जी का प्रवचन होगा और शाम 7:30 से 10:30 बजे तक दिल्ली के भजन पार्टी लीला स्पिरिचुअल बैंड का बहुत ही भव्य और शानदार प्रोग्राम होगा। मंदिर के सर्वराकार मोहन अग्रवाल,अभिषेक अग्रवाल,ट्रस्टी गोपाल अग्रवाल,गिरधारी अग्रवाल, नयन अग्रवाल और नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष विजय गोयल ने शहर के धर्मप्रेमी श्रद्धालुजनो से आग्रह करते हुए कहा है कि इस धार्मिक उत्सव में जरूर आए।

### आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान पदयात्रा आज

**गरियाबंद।** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत 30



नवंबर को स्वदेशी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जन जागरण पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। पदयात्रा ग्राम पारागांव से शुरू होकर भूतेश्वर महादेव मंदिर तक पहुंचेगी। पदयात्रा के पूर्व जिला भाजपा कार्यालय गरियाबंद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण किया जाएगा, जिसमें विधायक रोहित साहू, शेष पेज 11 पर

# वनांचल की स्वास्थ्य सेवा बदहाल, उप स्वास्थ्य केंद्र की कर्मचारी महीनों से गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रसेला

वनांचल क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा उप स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना तो कर दी गई, लेकिन जमीनी हकीकत की तस्वीर कुछ और ही बयां कर रही है।

ग्राम पंचायत कनसिंघी में स्थापित आयुष्मान उप स्वास्थ्य केंद्र का उद्देश्य था कि क्षेत्र के गांव जैसे दादरगांव, नया कोडामा, नावाडिही, रक्सी, मातेबाहला बोईरभाडी, कलमीडिही, सरगीपारा, पलेमा, फुलबाहरा आदि गांवों के लोगों को स्वास्थ्य सेवा मिल सके। शासन के निर्देशानुसार इस केंद्र में तीन कर्मचारियों की नियुक्ति दर्ज है, पर वास्तविकता में यहां केवल दो ही कर्मचारी कार्यरत हैं। तीसरी कर्मचारी लता साहू पिछले एक महीने से राजिम क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रही है, जबकि उसका वेतन कनसिंघी स्वास्थ्य केंद्र से जारी होता है। बता दें कि वनांचल और अति पिछड़े इलाके होने के चलते यहां स्वास्थ्य सुविधाओं की आवश्यकता कहीं अधिक है। ऐसे में एक नियमित कर्मचारी का दूसरे क्षेत्र में अटैचमेंट किया जाना न केवल शासन के नियमों के विरुद्ध है, बल्कि ग्रामीणों के स्वास्थ्य अधिकारों की अनदेखी भी है। स्वास्थ्य विभाग में स्पष्ट निर्देश हैं कि किसी भी कर्मचारी को बिना विशेष परिस्थिति और अनुमोदन के अटैचमेंट की अनुमति नहीं दी जा सकती, बावजूद इसके लता साहू का राजिम में कार्यरत रहना कई सवाल खड़े करता है।

## ग्रामीणों के स्वास्थ्य अधिकारों की हो रही अनदेखी





### मूल कार्यक्षेत्र में वापस भेजने की मांग


इस मामले को लेकर ग्राम पंचायत कनसिंघी के प्रथम नागरिक भोजराज नागेश ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि लता साहू को तत्काल उनके मूल कार्यक्षेत्र में वापस भेजा जाए। अन्यथा नियमों के अनुसार उनका स्थानांतरण किया जाए और उसकी जगह दूसरे कर्मचारी को लाया जाए। उनका कहना है कि विभाग के आदेशों को दरकिनार कर स्वास्थ्य सेवाओं से ग्रामीणों को वंचित रखना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। छुरा बीएमओ कीर्तन साहू ने बताया कि लता साहू लगभग एक महीने से क्षेत्र राजिम में कार्य कर रही हैं। उनका वेतन कनसिंघी से ही जारी होता है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि कर्मचारी किसी कारणवश दूसरे क्षेत्र में कार्यरत है, तो अब तक उसके स्थान पर किसी अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी की नियुक्ति क्यों नहीं की गई? क्या वनांचल क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य अधिकार इतने कमजोर हैं कि नियमों को ताक पर रख दिया जाए? ग्रामीणों की उम्मीद अब जिला प्रशासन उनकी मांगों को तत्काल पूरा करेगी।

# 611 कट्टा धान से भरा ट्रक जब्त, 20 दिनों में 22 लाख का धान पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

समर्थन मूल्य पर प्रदेश में हो रही धान खरीदी के बीच पड़ोसी राज्यों से अवैध रूप से धान खपाने का क्रम जारी है। इस कड़ी में मैनपुर विकासखंड के अमलीपदर पुलिस ने 611 कट्टा धान के साथ ट्रक को जब्त किया है। देर रात मुखबिर से मिली सूचना पर कार्रवाई करते हुए अमलीपदर पुलिस ने कांडेकेला के मक्का बाड़ी में डंप धान और ट्रक को जब्त किया ट्रक में 415 बोरी डंप के साथ बाड़ी में डंप 196 बोरी धान को जब्त किया गया है, जिसकी कीमत साढ़े सात लाख रुपए आंकी गई है। इसके पहले भी पुलिस ने धान से शेष पेज 11 पर

- अवैध धान पर पुलिस का शिकंजा : चेक पोस्ट के माध्यम से अवैध गतिविधियों पर निगरानी रखी जा रही





### वैध कागजात नहीं दिया

मुखबीर द्वारा थाना अमलीपदर को सूचना मिला की ओड़िशा प्रांत से अवैध रूप से धान बिक्री के लिए परिवहन कर रहा है। जिसकी सूचना तस्दीक पर थाना से पुलिस स्टाफ रवाना कर चेक पोस्ट में संदिग्ध वाहनों की चेकिंग किया जा रहा था। चेकिंग के दौरान 611 कट्टा कुल (244.4 क्विंटल) कीमती 07 लाख 57 हजार 640 रूपये का अवैध धान परिवहन करते ट्रक क्रमांक सी.जी. 04 जे.डी. 0761 को थाना अमलीदर के द्वारा जप्त किया गया। इसी प्रकार विगत 20 दिनों से विशेष अभियान चलाकर थाना देवभोग एवं थाना अमलीदर के द्वारा धान के अवैध परिवहन एवं बिक्री करते अलग-अलग कुल 22 प्रकरणों में 1786 कट्टा 714.4 क्विंटल अवैध परिवहन एवं बिक्री करते हुए पकड़ा गया। धान के परिवहन एवं बिक्री करने के संबंध में वैध कागजात मांगने पर किसी भी प्रकार का कागजात पेश नहीं करने पर अवैध धान परिवहन के संबंध में कार्यवाही कर संबंधित विभाग को सुपुर्द किया गया। अवैध धान बिक्री एवं परिवहन के विरूद्ध कार्यवाही आगे भी जारी रहेगा।

# शताब्दी वर्ष में आरएसएस घर-घर पहुंचा रहा सामाजिक समरसता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

शताब्दी वर्ष के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नवापारा इकाई द्वारा नगर के प्रत्येक घरों में सामाजिक समरसता पर्यावरण संरक्षण और कर्तव्यबोध का संदेश देते हुए भारत माता की तस्वीर पहुंचाई जा रही। शहर के लोग सहर्ष भारत माता की तस्वीर पाकर अपने आपको गर्व का महसुस कर रहे है। कार्यकर्ताओं द्वारा संघ संघर्ष के 100 वर्षो की कहानी पहुंचा रहे है। बताना लाजिमी है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समर्थ भारत बनाने के उद्देश्य से लोगो तक व्यक्तित्व निर्माण की कार्य पद्धति, संघ कार्य का विस्तार और सेवा कार्य की जानकारी दे रहे है। बता दें कि स्वयंसेवक नियमित रूप से समाज परिवर्तन और समस्याओं का समाधान करने के लिए सतत सक्रिय रहते हैं। शताब्दी वर्ष को निमित्त मानकर पांच विषयों पर सज्जन शक्ति के सहयोग से जन जागरण के लिए विशेष प्रयत्न किये जा रहे हैं। जिसे पांच परिवर्तन कहा गया है। इन पांच विषयो में सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्व-आधारित जीवन एवं नागरिक कर्तव्य बोध है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का आह्वान है कि संपूर्ण समाज को संगठित कर देश के सामने आने वाली सभी समस्याओं और चुनौतियों का सामना करना है। समाज में शेष पेज 11 पर


हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 223. संतराम महिलांग पिता\पति राम दास पता- शारदा विहार म.न.178 नगर पंचायत माना कैम्प, 224. रितिका साहू पिता\पति रामचंद साहू पता - कटोरा तालाब रायपुर, 225. संतोष कुमार सोनी पिता\पति लोचन सोनी पता - मठपारा के पास गभरापारा, 226. भुनेश्वरी वर्मा पिता\पति खोमन लाल वर्मा पता– बिरगांव, 227. दीपक कुमार सेन पिता\पति जंतू राम सेन पता - तेलीबांधा रायपुर, 228. तरुण धनकर पिता\पति भारत धनकर पता - न्यू शांति नगर रामेश्वर मंदिर के पास शंकर नगर, 229. सुनीता निषाद पिता\पति स्व. मुन्ना लाल निषाद पता- सूरज नगर लभांडी, 230. गणेश्वरी पाल पिता\पति रूपराम पाल पता - शीतला चौक मठपारा रायपुर, 231.निखिल पाल पिता\पति जग्गू राम पाल पता - कृष्णा नगर रायपुर, 232. घनश्याम साहू पिता\पति श्री हरिहर प्रसाद साहू पता - डोमा सेजबहार रायपुर, 233. भोजेंद्र देवांगन पिता\पति राजेश कुमार देवांगन पता- तर्रा सुरसाबाँधा, 234. अपर्णा साहू पिता\पति भारत साहू पता- लाल बगीचा धमतरी, 235. महेंद्र कुमार पिता\पति गुहलेद राम पता- भोथली, 236. नेहा पिता\पति जय प्रकाश पता- संजय नगर शिक्षक कोलोनी कुरूद, 237. शिवभोला वैष्णव पिता\पति स्व.प्रेम दस वैष्णव पता- अर्जुनी डोंगरगांव, 238. लक्की पिता\पति थानेश्वर पता- भटगांव धमतरी, 239. शेषनारायण दास वैष्णव पिता\पति गोबिन्द दास वैष्णव पता- मुचेदंड खुर्सीटिकल राजनादगांव, 240. सैय्यद मोहम्मद अलीम पिता\पति सैय्यद मोहम्मद अली पता- बेमेतरा, 241. काविश पाण्डेय पिता\पति अभिषेक पाण्डेय पता- भानुप्रतापपुर, 242. मयंक कुमार पिता\पति दीपक कुमार सेन पता- नवागांव, 243 अर्नव वाकचौरे पिता\पति राजेश वाकचौरे पता- गुप्ता भवन, शांति नगर जगदलपुर, 244. चांदनी तांडी पिता\पति गजेन्द्र तांडी पता- कोमाखान महासमुंद, 245. तोरणराम नेताम पिता\पति स्व. निमेंश नेताम पता-कोर्ट कॉलोनी कवर्धा, 246. भावना साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- लवन, 247. योगांत यादव पिता\पति राजेंद्र यादव पता- डी. एन. के. कोंडागांव, 248. गीता देवांगन पिता\पति द्वारिका प्रसाद देवांगन पता-भिलाई -3 रेलवे कॉलोनी -7, 249. पूर्णिमा बेहेरा पिता\पति राजेंद्र बेहेरा पता-भिलाई, 250. कल्याणी साहु पिता\पति स्व. हीरा राम साहु पता-पदुम नगर भिलाई -05, 251. भारती राव पिता\पति रमेश राव पता-खुर्शिपार भिलाई, 252. गुरमीत कौर भाटिया पिता\पति उजागर सिंह भाटिया पता-गुरुद्वारा रोड संतरा बाड़ी दुर्ग, 253. आर्या देशमुख पिता\पति संजय देशमुख पता- देशमुख बाड़ा स्टेशन रोड, 254. डाली देवांगन पिता\पति बालमुकुन्द देवांगन पता- शंकर नगर दुर्ग, 255. लक्ष्मी देशलहरे पिता\पति बी.डी. देशलहरे पता-प्लाट -33 भिलाई राधिका नगर, 256. हेमा श्रीवास पिता\पति सुनील कुमार श्रीवास पता- वार्ड न. -12 जवाहर नगर भिलाई 24/29, 257. बीना पिता\पति युगल किशोर पता- अंडा, **बिलासपुर संस्करण-** 258. माया त्रिपाठी, पिता/पति- राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी पता- सागर होम्स फेस 1, बिलासपुर 259. उमा शर्मा पिता/पति इंद्रधवन तिवारी, पता- बिलासपुर 260. संगीता शर्मा, पिता/पति- रामशरण दुबे पता- कुदुदंड बिलासपुर, 261. सुशील कुमार शर्मा, पिता/पति- बहोरिक लाल शर्मा, पता- बिलासपुर 262. शांभवी दुबे पिता/ पति- मधुरंजन दुबे पता- मोपका बिलासपुर 263. ओंकार सिंह चंद्रा पिता/पति एस.एल.चंद्रा पता- बिलासपुर 264. श्रेयांश सूर्यवंशी पिता/पति- अशोक सूर्यवंशी पता- जरहाभाठा, राजींव गांधी चौक, बिलासपुर 265.बसंत बघेल पिता/पति- स्व.कपूर दास बघेल पता- कानन पेण्डारी, बिलासपुर 266. रानी अग्रवाल पिता/पति- संतोष कुमार अग्रवाल पता- तेलीपारा बिलासपुर 267. ममता सिंह राजपूत पिता/पति- विनोद राजपूत पता- मंगला बिलासपुर 268. अनंत कुमार पांडेय, पिता/पति- स्व. भास्कर पांडे, पता- एलआईजी 227, देवरीखुर्द, बिलासपुर 269.धनीलाल साकत पिता/पति- स्व. रामलाल साकत, पता- इंद्रा कॉलोनी, तारबाहर, बिलासपुर 270.रूचि यादव पिता/पति- कार्तिक राम यादव पता- बी.आर.यादव नगर, बहतराई, बिलासपुर 271.हरमीत कौर छाबड़ा पिता/पति-प्रीतम सिंह होरा पता-शिवाजी मार्ग, टिकरापारा बिलासपुर 272.सारंग पांडेय पिता/पति- संतोष पांडेय, पता- बिलासपुर,273. नारायणी साहू पिता/पति- रामकुमार साहू, पता- देवरीखुर्द बिलासपुर 274. कोमल वर्मा पिता/पति- धर्मेन्द्र कुमार वर्मा पता- कालिका नगर तिफरा, बिलासपुर 275. खिलेश साहू पिता/पति- रामनारायण, पता- श्याम नगर लिंगियाडीह बिलासपुर 276. प्रज्ञा यादव पिता/पति- ऋषिकांत यादव, पता- हांफा जिला बिलासपुर 277. ज्योति गुप्ता पिता/पति- आनंद कुमार गुप्ता, पता- दयालबंद बिलासपुर 278. दीपक जायसवाल पिता/पति- रामकृष्ण जायसवाल, पता- देव नगर कोनी, जिला बिलासपुर 279. गंगा शुक्ला पिता/पति- दिनेश शुक्ला पता- करबला रोड बिलासपुर 280. केदारनाथ शुक्ला पिता/पति- सचेतराम गुप्ता पता- लखराम, जिला बिलासपुर, **भोपाल संस्करण-** 281. छोटी बाई बंजारा पिता\पति - रामचरण बंजारा पता- सुंदरपुरा पोस्ट उकावद तहसील मकसूदनगढ़ गुना, 282. लाली गौर पिता\पति - नीलेश गौर रहटगांव, 283. ममता राजपूत पिता\पति - कैलाश सिंह पता- राजपूत रायसेन, 284. उपेन्द्र सिंह राठौर पिता\पति -बिसोनिया पता- राजगढ़, 285. लक्ष्मीनारायण साहु पिता\पति- रमेश कुमार साहु 199 शंकर नगर पलासी करोद, 286. प्रियंका पाण्डेय पिता\पति - राजकुमार पाण्डेय 608 मुरली नगर, 287. स्वीटी यादव पिता \पति - राधेश्याम यादव पीपल चौराहा करोद, 288. मेघा मालवीय पिता\पति –धनी राम राहुल नगर हर्षवर्धन नगर, **जबलपुर संस्करण-** 289. राजेश कुमार जैन पिता\पति - रमेश चंद्र जैन कोतमा अनूपपुर, 290. महेश कुमार श्रीवास्तव पिता\पति- कंचन सिंह श्रीवास्तव छपारा जिला सिवनी, 291. आदिल खान पिता\पति - सुमिर मोहम्मद छपारा सिवनी, 292. राजेश कुमार जैन पिता\पति - रमेश चंद्र जैन कोतमा अनूपपुर, 293. हंर्षराज जैन पिता\पति - रजनीश कुमार जैन कोतमा अनूपपुर, 294. काजल यादव पिता\पति - दुर्गा प्रसाद यादव गोविंद गोविंद गांव वार्ड नंबर 11 कोतमा अनूपपुर, 295. पूर्णिमा सोनी पिता\पति- कैलाश प्रसाद सोनी बिजली अनूपपुर, 296. तनिष्का चतुर्वेदी पिता\पति- H.K चतुर्वेदी अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि




## खबर संक्षेप



### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन रायपुर में शनिवार को हुआ

**महासमुंद।** संवेदना समूह खरोरा के मुकेश चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ दौरे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नवा रायपुर अटल नगर स्थित सत्य साईं संजीवनी अस्पताल में आयोजित समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान, उन्होंने 'दिल की बात' कार्यक्रम के तहत दिल की बीमारी से जूझने वाले और सफल इलाज करा चुके बच्चों से मुलाकात की। कार्यक्रम में पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने भगवान सत्य साईं बाबा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद, उन्होंने हृदय रोग से स्वस्थ हुए बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान किया और 'दिल की बात' कार्यक्रम के दौरान उनसे संवाद किया। विकसित भारत की इस अहम यात्रा में ब्रह्माकुमारी जैसी संस्था की बहुत बड़ी भूमिका है।

### प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा शुरू

**कोमाखान।** नवीन शासकीय महाविद्यालय कोमाखान में शुक्रवार से बीए, बीएससी, बी काम प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा प्रारंभ हो गई। उक्ताशय की जानकारी देते हुए कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ. भूमिका शर्मा ने बताया कि उक्त परीक्षा के अलावा यहां प्रायोगिक परीक्षा भी प्रारंभ हो रही है। यह जानकारी लोकेश बंजारे ने दी।

### शोभायात्रा में शामिल होंगे नपाध्यक्ष

**महासमुंद।** सतनामी समाज द्वारा संत गुरु घासीदास बाबा की शोभायात्रा नगर में निकाली जाएगी। जिसमें शामिल होने समाज के पदाधिकारियों ने नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू को आमंत्रित किया। प्रगतिशील सतनामी समाज के जिलाध्यक्ष विजय बंजारे एवं समाज प्रमुख दिनेश बंजारे ने नपाध्यक्ष को आमंत्रण कार्ड देने पहुंचे थे। साहू ने समाज के आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए कार्यक्रम में शामिल होने की बात कही। उन्होंने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने मनखे मनखे एक समान का संदेश दिया।

# अरुण पांडेय ने किया उदंती वन भैंसा संरक्षण केंद्र का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) अरुण पांडेय ने शनिवार को उदंती अभ्यारण स्थित वन भैंसा संरक्षण एवं संवर्धन केंद्र का दौरा कर संपूर्ण व्यवस्थाओं का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वन भैंसाओं के उचित रख-रखाव, संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश एवं सुझाव प्रदान किए। पीसीसीएफ वाइल्डलाइफ अरुण पांडेय ने वन भैंसा संरक्षण संवर्धन केंद्र में मौजूद सुविधाओं, सुरक्षा उपायों तथा वन्यजीव प्रबंधन की व्यवस्था का अवलोकन करते हुए संरक्षण कार्यों को और बेहतर करने के लिए मार्गदर्शन दिया। ज्ञात हो कि उदंती नदी में रपटा निर्माण नहीं होने के कारण वन विभाग के अफसर को पैदल नदी पार करना पड़ा और मोटरसाइकिल के सहारे घने जंगल को पार करते हुए वन भैंसा संरक्षण संवर्धन केंद्र पहुंचे यहां एक मात्र वन भैंसा वर्तमान में मौजूद है जिसकी देखरेख के साथ ही संरक्षण और संवर्धन में विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया है वही उम्मीद लगाई जा रही है कि उदंती सीतानदी के लिए असम से लाए गए वन भैंसा को बारनवापारा अभ्यारण में रखा गया है उसे जल्द उदंती लाने के लिए विभाग द्वारा प्रयास किया जा रहा है ऐसी जानकारी मिल रही है यदि वन भैंसों को उदंती अभ्यारण लाया जाता है तो निश्चित रूप से वन भैंसों के नाम से विख्यात उदंती अभ्यारण में तेजी से इसकी संख्या बढ़ेगी, बाहर हरसूत्रों से मेरी जानकारी के अनुसार वन अफसर ने आज उदंती अभ्यारण में पहुंचकर वन भैंसा संरक्षण संवर्धन केंद्र का निरीक्षण किया है, इस प्रवास के दौरान वरुण जैन, उपनिदेशक, उदंती सीतानदी टाइगर रिज़र्व,सहायक संचालक, उदंती, तौरेंगा, सीतानदी, परिक्षेत्र अधिकारी, दक्षिण उदंती, उत्तर उदंती, इंदागांव, तौरेंगा,सहायक वन संरक्षक (स.प.अ.) करलाझर,सहित दक्षिण और उत्तर उदंती के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। इस निरीक्षण से वन भैंसा संरक्षण कार्यों में नई गति आने की उम्मीद व्यक्त की जा रही है।





**घोषणा :** छुरा में एक चौक को बहादुर कलारी माता के नाम पर रखने का प्रस्ताव रखा

# विधायक ने सिन्हा समाज भवन के लिए 10 लाख की घोषणा की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

सिन्हा कलार समाज जिला गरियाबंद द्वारा भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन देव जयंती का भव्य आयोजन छुरा के मिनी स्टेडियम में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जिलेभर से समाज के वरिष्ठजनों, माताओं-बहनों, युवाओं और गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन देव की विधि-विधान से पूजा के साथ हुआ। प्रातः 10 बजे से पूजा आरंभ हुई और 10:30 बजे से विभिन्न सांस्कृतिक तथा सामाजिक गतिविधियों की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजिम विधायक रोहित साहू,

विशिष्ट अतिथि युवराज सिन्हा जी प्रांताध्यक्ष छग कलार समाज, अध्यक्षता अवध राम सिन्हा जी जिलाध्यक्ष कलार समाज गरियाबंद विशेष अतिथि गौरीशंकर कश्यप अध्यक्ष जिला पंचायतगरियाबंद, मीरा ठाकुर अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरा लुकेश्वरी थानसिंग निषाद अध्यक्ष नगर पंचा. छुरा विशिष्ट अतिथि लता ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत खरखरा रिखीराम सिन्हा महामंत्री छग कलार समाज बिसम्भर



सिन्हा कोषाध्यक्ष छग कलार समाज, प्रमिला सिन्हा प्रदेश अध्यक्ष महि. मंच छग कलार समाज तेखन सिन्हा प्रदेश महामंत्री युवा मंच छग कलार समाज दीनूराम सिन्हा संरक्षक कलार समाज गरियाबंद गैंदलाल सिन्हा मण्डलेश्वर गरियाबंद उपस्थित रहे। समाज के प्रमुख पदाधिकारियों, वरिष्ठजनों और अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जयंती समारोह में समाज के 10 वर्षों से अधिक सेवा देने वाले वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया। इसके साथ ही छात्रों, युवाओं एवं समाज के उत्कृष्ट कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया। विधायक ने सिन्हा समाज भवन के लिए 10 लाख कि घोषणा की। कार्यक्रम के दौरान सामूहिक भोज का आयोजन किया गया तथा शाम को युवा सम्मेलन और समाज विकास पर महत्वपूर्ण चर्चा आयोजित हुई। इस अवसर पर गोरेलाल सिन्हा, मिथलेश सिन्हा, देवेंद्र सिन्हा, कुलेश्वर सिन्हा, सिन्हा अर्जुन धनजय सिन्हा, महेन्द्र सिन्हा, किशन सिन्हा, योगेश सिन्हा देवकुमरी सिन्हा, उर्मिल सिन्हा व समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# फिंगेश्वर के कृषि छात्रों ने चैतरा गांव में किए प्रायोगिक प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत कृषि महाविद्यालय एवं अनुसन्धान केंद्र, फिंगेश्वर गरियाबंद द्वारा कृषि कार्य अनुभव (रावे) कार्यक्रम के अंतर्गत बीएससी कृषि चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा चैतरा गांव में किसानों के हित में विविध कृषि एवं पौध संरक्षण संबंधी प्रायोगिक प्रदर्शन किए गए। यह कार्यक्रम का आयोजन अधिष्ठाता डॉ. गिरिजेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में, सस्य विज्ञान के सहायक प्राध्यापक डॉ. देवेंद्र कुमार देवांगन एवं अतिथि शिक्षक डॉ. इंद्रपाल सह पैंकरा तथा पौध संरक्षण विभाग के निर्देशन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत विद्याणथयों ने गड्ढा पद्धति द्वारा कम्पोस्ट समृद्धिकरण का प्रदर्शन किया, जिसमें बताया गया कि किस प्रकार जैविक कचरे, गोबर एवं मिट्टी की परत बनाकर उच्च गुणवत्ता की खाद तैयार की जाती है, जो भूमि की उर्वरता को बढ़ाती है। इसके बाद अरहर एवं लौकी की रोपाई मेढ़ पर करने की पद्धति प्रस्तुत की गई, जिससे भूमि संरक्षण, अतिरिक्त उपज और पानी की बचत संभव होती है। विद्याणथयों ने फसल चक्र के महत्व पर भी प्रकाश डाला कि इससे मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है और कीट एवं रोगों का प्रकोप कम होता है। इसके साथ ही मूंगफली के बीज उपचार की प्रक्रिया दिखाते हुए बताया कि बीजों पर रसायन/जैव एजेंट लगाने से अंकुरण दर बढ़ती है एवं बीज जनित रोगों से बचाव होता है। पौध संरक्षण विषय के अंतर्गत विद्याणथयों ने तिकूराम साहू, टेकश्वर साहू और बालिराम खूंटे के खेतों में लाइट ट्रैप की स्थापना की,जिससे प्रकाश आकर्षण के माध्यम से कीटों का नियंत्रण किया जा सके। विद्याणथयों ने ट्राइको-कैप्स का उपयोग एवं संवर्धन तकनीक का प्रदर्शन भी किया, जो लाभकारी परभक्षी कीड़ों को बढ़ाकर हानिकारक कीटों को नियंत्रित करने की पर्यावरण अनुकूल एवं कम लागत वाली जैविक विधि है। इस कार्यक्रम में शामिल प्रमुख किसान रीना यादव, परेमा यादव, लालचंद खूंटे, सतवंतीन साहू, रामकुवर खूंटे, बेदू साहू, संतोषी साहू एवं भूमिका साहू। इन प्रदर्शनात्मक गतिविधियों से किसानों को जैविक तकनीकों, फसल प्रबंधन एवं रोग नियंत्रण के व्यावहारिक पक्षों की समझ प्राप्त हुई तथा यह जानकारी ग्रामीण कृषि व्यवस्था में उत्पादन बढ़ाने और लागत घटाने में सहायक सिद्ध होगी।

## बारहवीं के छात्रों ने प्रोजेक्ट वर्क में साबुन बनाना सीखा



**महासमुंद।** शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रसायन प्रयोगशाला में कक्षा 12वीं के छात्रों ने प्रोजेक्ट वर्क में साबुनीकरण की क्रिया को सीखा। उन्हें लैब में साबुनीकरण क्रिया द्वारा साबुन निर्माण करना सिखाया गया। रसायन प्रयोगशाला में डॉ. ज्योति किरण चंद्राकर के मार्गदर्शन और सरोज सोनी के सहयोग से बच्चों ने साबुनीकरण क्रिया द्वारा साबुन बनाना सीखा। रसायन शास्त्र की व्याख्याता चंद्राकर ने बताया कि साबुन निर्माण हेतु नारियल तेल, सोडियम हाइड्रोक्साइड और सोडियम क्लोराइड की आवश्यकता होती है। विद्यालय में बच्चों द्वारा बनाए गए साबुन की प्रशंसा करते हुए प्राचार्य जीआर सिन्हा ने विद्यार्थियों को कहा कि प्रयोग कर ही हर कठिन प्रश्नों को आसानी से समझ सकते हैं। इस दौरान शाला विकास समिति के सदस्य नीलम दीवान भी उपस्थित थे। यह प्रायोगिक कार्य कक्षा 12वीं के बच्चों ने किया। जिसमें हंसिका यादव, छाया ठाकुर, अश्वनी सांवरा, आंचल राठौर, झम्मन, कमलनारायण, हरभजन, रागिनी, शीतल, शालिनी, सुप्रिया, कुणाल, प्रीति, कृति, सिमरन जांगड़े, खुशी औंर कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय में अध्यनरत सभी बच्चे उपस्थित थे।

# नवनियुक्त प्राचार्य मनोज ने सेजेस भंवरपुर के उत्थान और शैक्षणिक विकास पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भंवरपुर

राजाओं के गढ़ मैदान में स्थित बालमन के ज्ञान, अनुसंधान, विज्ञान और उत्थान का केंद्र सेजेस भंवरपुर में अब कई वर्षों बाद प्राचार्य के रूप में पदोन्नति उपरांत नये प्राचार्यों ने अपने पदभार ग्रहण किया है। उत्कृष्ट विद्यालय भंवरपुर के नवनियुक्त प्राचार्य मनोज नंद का स्वागत विद्यालय के द्वार से मंच तक कतारबद्ध खड़े अध्येताओं द्वारा तालियों की गड़गड़ाहट, पुष्प वर्षा व भूतपूर्व प्राचार्य टिकेश्वर पटेल, नंदकुमार दीवान, प्रेमकुमार निर्मलकर तथा समस्त स्टाफ द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत व सत्कार किया गया।



स्वागत भाषण में वरिष्ठ व्याख्याता प्रेमकुमार निर्मलकर द्वारा नए प्राचार्य नंद के प्रभावी व्यक्तित्व व योग्यता का विद्यालय हित में सदुपयोग की बात रखी गई, अनंत विजय कदम द्वारा भूतपूर्व प्राचार्य टिकेश्वर पटेल के स्वर्णिम योगदानों को रेखांकित किया गया। दुर्गा प्रसाद पटेल द्वारा पूर्व प्राचार्य के सहयोग और मार्गदर्शन के साथ-साथ नव पदस्थ प्राचार्य के लिए ईको क्लब, अटल टिंकरिंग लैब, क्रीड़ा, सांस्कृतिक, साहित्यिक, नैतिक, अनुशासनात्मक, व्यवहारपरक, स्वच्छता, कैरियर गाइडेंस, शैक्षणिक व अन्य पाठ्येत्तर गतिविधियों में उत्कृष्ट विद्यालय की अनेक उपलब्धियों तथा आगामी लक्ष्यों की प्रतिपूर्ति के लिए ध्यान आकृष्ट किया गया। पश्चात मनीलाल पटेल व विनोद चौहान का स्वागत भाषण हुआ।

स्वागत कार्यक्रम में टिकेश्वर पटेल, नंदकुमार दीवान, प्रेमकुमार निर्मलकर, श्याम सुंदर साहू, शौकीलाल चौहान, अनिरूद्ध भोई, दिनेशचंद्र सतपथी, अनंत विजय कदम, दिनेश कुमार दास, दिनेश कुमार बंधु, राधा देवांगन, प्रदीप कुमार बारीक, मनीलाल पटेल, हेमसागर पटेल, लता पटेल, लक्ष्मी चौहान, हीराराम चौहान, दुर्गा प्रसाद पटेल, अनुसूईया पटेल, सरोज भोई, दामिनी भोई, विनोद चौहान, विनय नायक, सुरेन्द्र बंजारे, खिलेश ध्रुव, चंद्रहास साहू, अंजलि सिंह, आकांक्षा मसीह, नवीन सिंह, ऋतु साहू, ऋतु श्रीवास, आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



# परिक्षेत्र साहू समाज पिपरौद के नए पदाधिकारियों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

विधायक इंद्रकुमार साहू के मुख्य आतिथ्य में परिक्षेत्र साहू समाज पिपरौद के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम गायत्री मंदिर परिसर में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता देवनाथ साहू, अध्यक्ष जिला साहू संघ रायपुर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्रह्मानंद साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ अभनपुर, पवन कुमार गुरुपंच नवनिर्वाचित अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज अभनपुर, तुलाराम साहू नवनिर्वाचित अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज थनौद, कुंती-लखन साहू जनपद सदस्य अभनपुर, दुलेश्वरी-भीखम साहू सरपंच ग्राम पंचायत पिपरौद मौजूद थे। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष पारसमणी साहू, उपाध्यक्ष पुरुष हेमंत साहू, महिला उपाध्यक्ष भूमिका साहू, संगठन सचिव शिव कुमार साहू ,महिला संगठन सचिव भोजदेवी साहू को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि विधायक इंद्रकुमार साहू ने कहा कि समाज में एकता बनाए रखे। भक्त माता कर्मा, राजिम भक्तिन माता व दानवीर भामाशाह के जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने परिक्षेत्र साहू समाज पिपरौद हेतु भवन निर्माण आगामी बजट प्राप्त होने पर राशि स्वीकृत करने का आश्वासन दिया। संचालन शिव साहू व आभार हेमंत साहू ने किया।

इस अवसर पर नगर पालिका नवापारा के अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू , भेखराम साहू, डॉ. मनीष साहू, जिला साहू संघ रायपुर रामकुमार हिरवानी, तुलेश साहू, प्रहलाद साहू, गीता साहू ,भोज साहू, रामसिंग साहू, पूर्व अध्यक्ष योगेश साहू,भान सिंग साहू, जोगी राम साहू, ओमनारायण साहू, सूरज साहू, गोपाल साहू बीरबल साहू, दौलत साहू, रामजी साहू, चेतन साहू, किसन साहू, दुष्यंत साहू, तामेश्वर साहू, डमेश साहू, डॉ. सोनऊ साहू, भीखम साहू, मनाराम साहू, दशरथ साहू, हेमू साहू, केशव साहू, द्विज साहू, शंकर साहू, दुलेश्वर साहू, कमलनारायण साहू, कुंती साहू, प्रमिला साहू, सरोज साहू, शांति साहू, नंदनी साहू, उमा साहू, संगीता साहू, सहित सैकड़ों स्वजातीय बंधु उपस्थित थे।

**शिक्षा संभाग रायपुर के संयुक्त संचालक से मुलाकात कर समस्याओं से कराया अवगत**

# समग्र शिक्षक फेडरेशन ने आठ सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन रायपुर संभाग के जिला अध्यक्ष एवं प्रांतीय पदाधिकारियों ने संजीव श्रीवास्तव संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग रायपुर से मुलाकात कर लंबित पदोन्नति, लंबित चिकित्सा प्रतिपूर्ति राशि, परीक्षा अनुमति, विषयवार पदोन्नति, शिक्षकों से लगातार कराए जा रहे गैर शिक्षकीय कार्य पर अंकुश लगाने सहित आठ सूत्रीय मांग पर चर्चा कर निराकरण करने के लिए ज्ञापन सौंपा। जारी प्रेस विज्ञप्ति में ईश्वर चंद्राकर जिला अध्यक्ष ने बताया की मतदाता सूची शुद्धिकरण एसआईआर कार्य में जान गवाने वाले शिक्षक को मुआवजा देने की मांग की। एकल शिक्षकीय शाला जहां 160 बच्चे से अधिक दर्ज संख्या है, ऐसी स्कूल से निर्वाचन नामावली में ड्यूटी लगाना और शिक्षक का स्वास्थ खराब होने के बाद भी उपचार के लिए अवकाश न देना शिक्षक की मृत्यु का कारण बना। ऐसे संवेदनहीनता के साथ ड्यूटी लगाने वाले अधिकारियों पर नियमानुसार कार्यवाही की मांग की है। रायपुर संभाग से जिलाध्यक्षद्वय ईश्वर चंद्राकर महासमुंद, लखेश्वर वर्मा रायपुर, दौलत ध्रुव धमतरी, प्रांतीय सचिव राजू टंडन, प्रांतीय कार्यकारी



प्रदेश अध्यक्ष सिराज बक्श, प्रांतीय संगठन मंत्री हेम कुमार साहू, महासमुंद ब्लॉक अध्यक्ष बाबू लाल ध्रुव, आरंग ब्लॉक अध्यक्ष धरम दास पाटिल की मौजूदगी में सभी आठ बिंदुओं पर चर्चा की गई। संयुक्त संचालक ने सभी बिंदुओं का त्वरित निराकरण करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल ने महासमुंद जिले में आनलाइन अटेंडेंस को सहर्ष स्वीकार किया है, लेकिन एप्प पर आपत्ति जताते हुए स्कूलों में डिवाइस उपलब्ध कराने के पश्चात ही ऑनलाइन अटेंडेंस कर पाने की बात से अवगत कराया गया। आगे अवगत कराते हुए ईश्वर चंद्राकर ने बताया कि आज संभागीय संचालक से संगठन ने मांग करते हुए कहा कि शासकीय शिक्षक स्कूलों में पढ़ाना चाहता है। परंतु, शिक्षा विभाग द्वारा लगातार ऑनलाइन तथा गैर शिक्षकीय कार्य सौप देने के कारण शिक्षक अपने मूल कार्य से भटक गया है, जिसका जवाबदार शिक्षा विभाग खुद है। विभाग को बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है और शिक्षकों को केवल शिक्षकीय कार्य करने देने के लिए स्वतंत्र करना चाहिए। वीकेएस एप को अनिवार्य किए जाने के बजाए शिक्षा विभाग को स्कूलों में डिवाइस उपलब्ध कराना चाहिए। शिक्षक के मोबाइल से अन्य ऐप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराना उचित नहीं है। इस ऐप से कई शिक्षक ठगी के शिकार हुए हैं। साथ ही शिक्षकों के निजता के अधिकार का हनन नहीं होना चाहिए। वही गैर शिक्षकीय कार्य को तत्काल रोक लगाना चाहिए। वर्तमान में शिक्षक इन दिनों गैर शिक्षकीय कार्य में व्यस्त हैं, जिसके चलते बच्चों की पढ़ाई में इसका व्यापक असर दिखाई दे रहा है। उक्त सभी बात को संभाग के सभी जिला अध्यक्षों, प्रांतीय पदाधिकारियों और ब्लॉक अध्यक्षों की उपस्थिति में चर्चा हुई और सभी के उचित निराकरण का आश्वासन संयुक्त संचालक ने दिया।

## खबर संक्षेप



### जूनियर रेड क्रॉस शिविर में सीपीआर और प्राथमिक सहायता पर कार्यशाला

**फिंगेश्वर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा गरियाबंद के अध्यक्ष एवं कलेक्टर भगवान सिंह उइके के मार्गदर्शन एवं आदेशानुसार, जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत धीर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी व सचिव रेडक्रॉस जिला शाखा गरियाबंद डॉ. यूएस नवरत्न के निर्देशन में जिला संगठक एवं राज्य प्रतिनिधि रोमन साहू के नेतृत्व में जिला स्तरीय प्रथम जूनियर रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन फिंगेश्वर विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेंदर में किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय दिवस के अवसर पर डीएचओ डॉक्टर लक्ष्मीकांत जांगड़े के नेतृत्व में डॉ. प्रकाश साहू चिकित्सा अधिकारी देवभोग एवं मास्टर ट्रेनर फर्स्ट एड एवं डॉक्टर राहुल नेताम चिकित्सा अधिकारी रसेला द्वारा सीपीआर एवं प्राथमिक सहायता के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सीपीआर एक आपातकालीन जीवन रक्षक तकनीक है जो दिल की धड़कन रुक जाने सांस लेने में समस्या होने पर इस्तेमाल की जाती है। जब दिल की धड़कन सही तरीके से काम नहलृ कर रही है तो सीपीआर का उपयोग किया जाता है। शाम को ग्रेटकैम्प फायर का शुभारंभ रेड क्रॉस के विद्याणथयों द्वारा संत कबीर के दोहे का चारों दिशाओं में संदेश के माध्यम से सस्वर वाचन भाईचारा, प्रेम,शांति एवं ज्ञान का संदेश देकर किया गया,फिर चारों संदेश वाहकों, मुख्य अतिथि अध्यक्ष विशिष्ट अतिथियों के द्वारा शिविर ज्वाल प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर भारतीय रेडक्रॉस के जिला चेयरमेन मधुबाला रात्रे ने कहा कि रेडक्रॉस का मुख्य कार्य मानव की सेवा करना है। इस प्रशिक्षण शिविर में डॉ. दिलीप साहू, त्रिलोक नाथ साहू, अभिषेक पाण्डेय, आकाश पाण्डेय, धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, चैतन्य यदु, गोपाल देवांगन, पूरन लाल साहू उपस्थित थे।

### एक्सीडेंट में युवक की मौत, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** एक्सीडेंट में युवक की मौत के मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि मृतक धनंजय पिता दिलीप मिरी निवासी खट्टी महासमुंद हर्ष केशर के पास अपनी ट्रैक्टर में गिट्टी लोड कर पर्ची बनाकर लौट रहा था, इसी दौरान पीछे से टाटा आइसर क्रमांक सीजी 06 जीजी 3286 के चालक के द्वारा अपने वाहन को तेजी व लापरवाहीपूर्वक पीछे करते हुए मृतक को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिसे मृतक के सिर, दाहिने पैर आदि जगह गंभीर चोट लगी। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 281, 125(ए), 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

# जिला कांग्रेस कमेटी को विधायक द्वारिकाधीश के रुप में मिला नया जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बागबाहरा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने विधायक

- विधायक निवास में सुबह से नेताओं और कार्यकर्ताओं का लगा रहा तांता

द्वारिकाधीश यादव को महासमुंद जिला कांग्रेस कमेटी का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। घोषणा पश्चात स्थानीय विधायक कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने यादव का अभिनंदन किया। जिलाध्यक्ष की नियुक्ति पश्चात विधायक यादव का स्वागत समारोह बागबाहरा में बेहद उत्साहपूर्ण रहा।

### विधायक यादव का उद्बोधन और कार्यकर्ताओं से किया गया वादा

जिलाध्यक्ष नियुक्त होने के बाद विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि यह पद सम्मान के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी लेकर आता है।

संगठन के प्रत्येक साथी का सम्मान, उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरना और कांग्रेस को मजबूती देना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होने संगठन को मजबूत करने और प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान सुनिश्चित करने का भरोसा जताया।



### कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह और जिले सहित प्रदेशभर से बधाई

घोषणा के तुरंत बाद जिलेभर के पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता, युवा नेता और कार्यकर्ता बागबाहरा पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने भारी आतिशबाजी की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रश्मि चंद्राकर, भूपेंद्र सिंह ठाकुर, केशव चंद्राकर, खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल, निखिलकांत साहू, सीटू सलूजा, देवनाथ साहू, चंद्रहास साहू, समीम खान, गणेश शर्मा, राजेश सिन्हा, विजय बंजारे, मनोहर ठाकुर, अंजोर ठाकुर, करण सिंह दीवान, हबला यादव, भुवन साहू, गौरव चंद्राकर, विराज चंद्राकर, जसवीर ढिल्लो, हरदेव ढिल्लो, प्रदीप यादव, उत्तम राणा, रमेश साहू, वसीम खान, किशोर सोनवानी, अमर अरुण चंद्राकर, मनोज गोयल, निर्मल जैन, खिलावन बघेल, देवेश साहू, मंता यादव, शिवा जगत, दुर्गा सागर, मिथुन अमीर, अशोक अग्रवाल, फिरोज मेमन, राजेश सोनी, एडिसन ठाकुर, पुष्पेंद्र चंद्राकर, सरफराज खान, लोकेश दीवान, मोक्ष प्रधान, आदित्य बोकड़े, नंद निषाद, कमल प्रधान, नवनीत सलूजा, नवनीत नाग, शहजानपाशा, खोमेश साहू, पोखराज साहू, नितेंद्र बनर्जी, देवेश शर्मा, पूनम मानिकपुरी, रिंकू चंद्राकर, सोमेश दवे, ढेलू निषाद, राहुल यादव, डुमन लाल कागजी, तूफान दीवान, खेमराज सिंह, शाहबाज रजवानी, संतोष पटेल, सेवा राम साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आयोजन : क्षेत्र के प्रथम ऐतिहासिक मड़ई - मेला का शुभारंभ

# गौरघाट की मड़ई में देवताओं के दर्शन करने उमड़ी भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर से 03 किलोमीटर दूर नेशनल हाईवे पर बसा ग्राम गौरघाट में शनिवार को मड़ाई मेला का आयोजन किया गया। इसी के साथ मैनपुर क्षेत्र के प्रथम ऐतिहासिक मड़ई और मेला का शुभारंभ पंरपरागत ढंग से से शुरू हो गया। ग्राम गौरघाट में शुक्रवार रात्रि जागरण कर मड़ाई का शुभारंभ किया गया आज शनिवार को दोपहर दो बजे तक पूरे भाठीगढ़ राजभर से देवी-देवताओं की डाग डोली ध्वज ग्राम गौरघाट पहुंची जहां देवी देवताओं का जोरदार बाजे गाजे के साथ फूल माला से स्वागत किया गया और क्षेत्र भर से पहुंचे झांकर, पुजारी, बैगा, सिराह, गुनिया ग्राम प्रमुखों द्वारा विशेष पूजा अर्चना के बाद मड़ाई बिहाई गई, देवी देवताओं की शोभायात्रा निकाली गई। देवी - देवताओं ने पूरे मड़ाई का परिक्रमा लगाकर मड़ाई बिहाई रस्म पूरा किया गया। इस दौरान देवी-देवताओं के सौर्य प्रदर्शन और नृत्य को देखने हजारों की संख्या में क्षेत्रभर के लोग पहुंचे हुए थे क्षेत्रभर के लोगों ने देवी देवताओं की पूजा अर्चना किया और क्षेत्र में सुख- शांति- समृद्धि खुशहाली की कामना किया देर शाम तक देवी देवताओं को पान सुपारी भेंट कर विदाई दी गई, देवी देवताओं की शोभायात्रा के दौरान हजारों भक्तों ने मत्था टेक अपने परिवारों के कल्याण की कामना की।





### राहचूली में लगी रही भीड़

ग्राम गौरघाट में मड़ाई मेला के दौरान आज भारी भीड़ उमड़ पड़ी पूरे जिले भर से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे और तो और अनेक प्रकार के व्यवसाय दुकानों में भारी भीड़ लगी रही जमकर खरीदारी किया गया वहीं दूसरी ओर पारंपरिक झूला रहचूली मेन आकर्षण का केंद्र रहा झूला में भारी भीड़ युवाओं का देखने को मिला। मडाई मेला के चलते दूर-दूर से लोग व्यापार व्यवसाय करने पहुंचे हुए थे और कपड़ा, मनिहारी, मिठाई, के साथ अनेक प्रकार के दुकानों में भारी भीड़ लगी रही।

### खोरा दीवान की प्रतिमा की हुई पूजा

ग्राम गौरघाट में मडाई मेला के दौरान आज खोरा दीवान की चौक में प्रतिमा का विशेष पूजा अर्चना किया गया इस दौरान भारी भीड़ लगी रही यहां पर विशेष देव पूजा कार्य संपन्न किया गया साथ ही क्षेत्र में सुख शांति समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई। गौरघाट मड़ाई मेला के दौरान रात में छत्तीसगढ़ी आर्केस्ट्रा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया पूरे ग्राम गौरघाट को चारों तरफ से सजाया गया है और क्षेत्र के लोगों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है आज मड़ाई मेला में प्रमुख रूप से क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक हरिश्चंद्र नेगी, मुक्तयाज दीवान, छबि दीवान ,प्रेमसाय जगत, नाथूराम धुर्वा, आसाराम यादव, पवन दीवान, ग्राम पंचायत गौवघाट के पूर्व सरपंच खेलन दीवान, चमरूराम, बंसी पटेल ,सोनसाय ध्रुव, महेंद्र नेताम, जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, थानु पटेल, दिलबर पटेल, उत्तम पटेल, देहरगुडा के सरपंच महेश दीवान, डीगेश्वरी साण्डे, लोकेश साण्डे, बसंत जगत, गंगाराम जगत, टीकम कपिल, खेदु नेगी,नोके लाल ध्रुव, गयचंद, जन्मजय नेताम, जिलेंद्र नेगी, सहदेव सांण्डे, देवन नेताम, चित्रसेन पटेल, साकेत पटेल, किसन मरकाम, कांति पटेल, मुराह यादव, टीकम पटेल, देवेन्द्र वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष यादव, श्रावण दिवान, नारायण नेताम, खेलन साहू, मोहनू शामिल हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने मैनपुर थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन के जवान तैनात रहे।

# बिजली स्कूल के प्राचार्य पूरन नागपुर में हुए सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▸▸| फिंगेश्वर

नागपुर में आयोजित अपूर्व विज्ञान मेले में प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्र ईकाई से छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से चयनित शिक्षकों और विद्याणथयों के दल ने शिरकत की। बिजली स्कूल के पूरन लाल साहू प्राचार्य नागपुर में सम्मानित हुए विज्ञान यात्र दल ने अपूर्व विज्ञान मेला नागपुर में बढ़ाया छत्तीसगढ़ का गौरव।

जिला गरियाबंद, विकासखंड फिंगेश्वर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली के प्राचार्य पूरन लाल साहू ने बताया कि महाराष्ट्र नागपुर के राष्ट्रभाषा भवन में 19 से 23 नवंबर तक पांच दिवसीय राष्ट्र स्तरीय विज्ञान मेले का आयोजन किया गया जिसमें गरियाबंद जिले से तीन शिक्षकों ने अपनी सक्रिय सहभागिता प्रदान कर जिले का नाम रोशन किया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी थे। अध्यक्षता सुरेश अग्रवाल सचिव आरटीबीएसई ने किया। पूरन लाल साहू प्राचार्य को सम्मान मिलने पर जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर, जिला मिशन समन्वयक शिवेश शुक्ला, जिला परियोजना अधिकारी बुद्धविलास सिंह, सांख्यिकी अधिकारी श्याम चंद्राकर, एपीसी मनोज केला विकासखंड शिक्षा अधिकारी हेमंत साहू, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवेंद्र बहल अनिल ध्रुव, विकासखंड स्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा प्राचार्य रामानारायण मिश्रा शिक्षकों एवं मित्र गणों ने बधाई दी है।

# हाईस्कूल तरीघाट में प्राचार्य साहू ने कार्यभार ग्रहण किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोपरा

शासकीय हाईस्कूल तरीघाट में 28 नवंबर को नव ऊर्जा और उत्साह का माहौल रहा। नव पदोन्नत प्राचार्य चंद्रभूषण साहू ने औपचारिक रूप से विद्यालय के प्राचार्य पद का कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन श्रीफल भेंट एवं गुलाल लगाकर किया गया। कार्यभार ग्रहण के उपरांत बच्चों एवं शिक्षकों को परिचय के साथ श्री साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यालय को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शैक्षणिक सुधार, अनुशासन, तकनीकी साक्षरता तथा विद्यार्थी–केंद्रित गतिविधियों का मॉडल बनाना उनकी प्रथम प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि विद्यालय विकास सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। शिक्षक, विद्यार्थी, अभिभावक और समुदाय जब एक साथ आते हैं, तभी उत्कृष्ट परिणाम सामने आते हैं। मेरा प्रयास रहेगा कि तरीघाट विद्यालय जिले में उत्कृष्ट उपलब्धियों का उदाहरण बने। कार्यक्रम को प्रधानपाठक भागचंद चतुर्वेदी ने संबोधित करते हुए नव पदोन्नत प्राचार्य साहू जी को शुभकामनाएं देते हुए उनके कार्यकुशलता से बच्चों को अवगत कराया गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए मार्गदर्शन दिया। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य रहे पीके साहू एवं शिक्षकों ने नव पदोन्नत प्राचार्य के नेतृत्व पर पूर्ण विश्वास व्यक्त करते हुए आशा जताई कि आगामी सत्रों में विद्यालय न केवल शैक्षणिक उपलब्धियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेगा, बल्कि सहशैक्षणिक क्षेत्रों में भी नई पहचान स्थापित करेगा। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक जागेंद्र साहू एवं आभार व्यक्त प्रभारी प्राचार्य पी के साहू ने किया।



कार्यक्रम में व्याख्याता गण पीके साहू, जेएल साहू, लक्ष्मण तारक, पुष्पा कंवर, नीतू शाह, शिक्षक जागेंद्र साहू, सभी विद्यार्थी गण उपस्थित रहे। सभी ने श्री चंद्रभूषण साहू को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए सफल कार्यकाल की कामना की।

# झरगांव पंचायत में नशामुक्ति व शराबबंदी के लिए लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत झरगांव में नशामुक्ति एवं शराबबंदी को लेकर एक ऐतिहासिक पहल की गई, जिसने पूरे क्षेत्र में नई जागरूकता पैदा की है। ग्राम सभा अध्यक्ष शशिकला पाथर, सरपंच बेलमती, पंचायत प्रतिनिधियों, मितानिनों तथा स्व-सहायता समूह की बहनों ने एकजुट होकर गांव को नशे की बुराई से मुक्त करने का संकल्प लिया। ग्राम पंचायत भवन प्रांगण में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में बड़ी संख्या में गांव के महिला-पुरुष, युवा व बुजुर्ग शामिल हुए। बैठक में शराबबंदी के मुद्दे पर गहन



विमर्श हुआ। ग्रामीणों ने खुलकर अपनी समस्याएं व अनुभव साझा किए अत्यधिक शराब सेवन से बढ़ते पारिवारिक विवाद, आर्थिक नुकसान, घरेलू कलह, शिक्षा पर बुरा प्रभाव और स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक के बाद पंचायत भवन से एक विशाल रैली निकाली गई, जिसमें "शराब छोड़ो परिवार जोड़ो", "नशा मुक्त गांव- खुशहाल गांव, "नशा छोड़ो, जीवन संवारो" जैसे नारों के साथ पूरे गांव में जागरूकता फैलायी गई। रैली में महिलाओं, युवाओं और बच्चों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने लायक रही। ग्राम सभा अध्यक्ष ने जताई चिंता, उठाई सामूहिक जिम्मेदारी की बात ग्राम सभा अध्यक्ष श्रीमती शशिकला पाथर ने कहा कि गांव की शांति, समृद्धि और विकास के लिए शराबबंदी अत्यंत आवश्यक है। जब तक गांव में अवैध रूप से चल रही शराब निर्माण और बिक्री पर रोक नहीं लगेगी, नशामुक्ति अभियान पूरी तरह सफल नहीं हो सकेगा। ग्राम पंचायत, स्व-सहायता समूहों, मितानिनों और ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास से झरगांव नशामुक्ति की दिशा में एक मजबूत और निर्णायक कदम बढ़ा चुका है। यह पहल न केवल गांव के वर्तमान को सुधारने की क्षमता रखती है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित कर सकती है।

### मछुआ समिति के कोमल तारक अध्यक्ष व मेष राम उपाध्यक्ष बने

**कोपरा।** प्राथमिक मछुआ सहकारी समिति मर्यादित कोपरा में शुक्रवार का दिन मछुआ समिति संघ के लिए खास रहा।संगठनात्मक चुनाव में यहां के मतदाताओं ने एकता की मिशाल पेश किया। सभी पदों के लिए हुए चुनाव में पदाधिकारी के द्वार निर्विरोध चयन किया गया। नगर के स्थानीय गडाही माता मंदिर परिसर के पास ढीमर समाज भवन में संगठनात्मक चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें कोमल तारक, उपाध्यक्ष मेष राम तारक, संचालक मंडल सदस्य के रुप में पुरुष वर्ग से ईशु तारक, सोनू तारक, गैंद तारक, शिव तारक, वाशु तारक, मदन तारक, महीला वर्ग से ढुमेश्वरी तारक,अनुसूईया तारक वहीं एक पद नियम में आदिवासी वर्ग से लोकनाथ ध्रुव की नियुक्ति किया गया हैं। इस अवसर प्राथमिक मछुआ सहकारी समिति मर्यादित कोपरा पंजीयन क्रमांक 76 में निर्वाचन अधिकारी सतीश कुमार साहू को बनाया था। जिसके द्वारा निर्वाचन करवाया गया। सभी सामाजिक सदस्य गण उपस्थित थे।



## पेज 9 के शेष...

### आत्मनिर्भर भारत ...

जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने अधिक से अधिक पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया है।

### 611 कट्टा धान...

भरे आधा दर्जन वाहन जब्त कर चुकी है। मिली जानकारी के अनुसार गरियाबंद पुलिस द्वारा दीगर राज्य से आने वाले अवैध धान परिवहन एवं बिक्री करने वालों के विरूद्ध पिछले 20 दिवस में 714.4 क्विंटल कीमती 22 लाख 14 640 हजार रूपये का अवैध धान जब्त किया गया। शनिवार को थाना अमलीपदर के द्वारा 611 कट्टा (244.4) क्विंटल कीमती 07 लाख 57 640 हजार का अवैध धान परिवहन के साथ ट्रक को किया। जब्त ,विगत 20 दिनों से लगतार विशेष अभियान चला कर 20 चार पहिया वाहनों में भरा हुआ अवैध परिवहन एवं बिक्री करते 1786 कट्टा धान को जब्त कर संबंधित विभाग को आगामी कार्यवाही के लिए सुपुर्द किया गया। अब तक धान की अवैध परिवहन एवं बिक्री में 714.4 क्विंटल कीमती 22 लाख 14 हजार रूपये का धान जब्त किया गया है। जानकारी के अनुसार गरियाबंद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दीगर राज्य से आने वाले धान के परिवहन की रोकथाम के लिए बार्डर के चेक पोस्ट में तैनात बल द्वारा गैरकानूनी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी किया गया था। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समर्थन मूल्यों पर धान खरीदी केवल पंजीकृत किसानों को निर्धारित धान खरीदी केंद्रों में किए जाने के लिए प्रावधान है। चेक पोस्ट के माध्यम से तैनात पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जा रही है।

### शताब्दी वर्ष में...

स्थायी परिवर्तन लाने के लिए समाज की व्यवस्थाओं को युगानुकुल निर्माण करना है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने लोगों से आग्रह किया है कि जिस प्रकार भगवान श्री जगन्नाथ के रथ को खींचने के लिए सभी के हाथ और शक्ति लगते है। उसी प्रकार भारत माता के इस राष्ट्र कार्य में सभी अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुसार सक्रिय भूमिका निभाएं। इस कार्य में नवापारा के स्वयंसेवक बस्ती क्रमांक 1 में प्रदीप मिश्रा सहनगर कार्यवाह, बस्ती प्रमुख अनूप देवांगन, वीरेंद्र साहू, जितेन्द्र यादव, मुकुंद मेश्राम, धरम साहू, बस्ती क्रमांक 2 में नगर कार्यवाह आकाश जैन, बस्ती पालक वीरेंद्र साहू, पूर्व पार्षद मयाराम साहू, डॉ. केआर सिन्हा, नूतन साहू, भोला साहू, बस्ती क्रमांक 3 में अमन पाटकर, सोहेंद्र साहू, योगेश यादव, दिलीप यादव, डॉ. मालाकार, नवल साहू, बस्ती क्रमांक 4 में धीरज ठाकुर, कैलाश साहू, पूर्णेंद्रु साहू, चंद्रशेखर देवांगन, रवि विश्वकर्मा, अन्नपूर्णा देवांगन प्रचार प्रसार एवं पत्रिका वितरण कर रहे है।

## गांधी मैदान में शिव महापुराण, विधायक ने की पूजा-अर्चना

# धार्मिक कथाएं समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती हैं : साहू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

गांधी मैदान में शिव शक्ति महिला परिवार द्वारा आयोजित सात दिवसीय संगीतमय शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा के अंतिम दिवस शनिवार को राजिम विधायक रोहित साहू शामिल हुए। विधायक साहू ने कथा स्थल पहुंचकर पार्थिव शिवलिंग की पूजा-अर्चना की और कथावाचक पंडित पलक नरेंद्र पांडेय का साल-श्रीफल से सम्मान किया। जिसके बाद श्रद्धालुओं के साथ बैठकर कथा का श्रवण किया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर और नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक रोहित विधायक साहू ने कहा कि शिव पुराण जैसी धार्मिक कथाएं समाज में आध्यात्मिक ऊर्जा, प्रेरणा और सकारात्मक विचारों का संचार करती हैं। शिव महापुराण का श्रवण सौभाग्य से मिलता है। उन्होंने शिव शक्ति महिला परिवार की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने बड़ी संख्या में मातृशक्ति और नगरवासियों को धर्म से जोड़ने का सराहनीय प्रयास किया है। धर्म जागरण यह काम नई पीढ़ी में आस्था जागृत करने का भी काम करेगा। नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव ने कहा कि यह पहला अवसर है जब गरियाबंद में माताएं-बहनें मिलकर इतना भव्य धार्मिक आयोजन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि गरियाबंद धर्म प्रेमियों का नगर है और यहां मातृशक्ति की उपस्थिति हर आयोजन को सफल बनाती है।






**धर्म का पथ कठिन है-** जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि धर्म का पथ कठिन है, लेकिन शिव पुराण से विघ्न-बाधाएं दूर होती हैं और सुख-समृद्धि के साथ आत्मीय शांति मिलती है। उन्होंने उपस्थित लोगों से धर्म के मार्ग पर दृढ़ता से आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, जिला मंत्री सुरेंद्र सोनटेके, पूर्व नपा अध्यक्ष मिलेश्वरी साहू, पारस ठाकुर, सागर मयाणी, राजू साहू, परमेश्वर सेन, प्रतीक सिंह, सूरज सिन्हा, अमित वखारिया, यश मिश्रा, किशोर साहू सहित समिति प्रमुख शत्रुघन साहू, विजय साहू, लखन साहू, नेहरू साहू, पुष्पा साहू, रेणुका साहू, त्रिवेणी दीवान, पार्वती साहू, रेखा सोनवानी, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपास्थित रहें।

## खबर संक्षेप



### आंबा कार्यकर्ता ईश्वरी सम्मानित

**राजिम।** गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उइके ने जिले के 8 बीएलओ में से राजिम के परसदाजोशी की रहने वाली ईश्वरी साहू को विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के तहत मतदाता सूची के शुद्धिकरण तथा नए मतदाताओं के पंजीयन कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया। बता दें कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हैं।

### वाटरशेड महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

**महासमुंद।** महासमुंद में वाटर शेड महोत्सव कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके तहत 27 नवम्बर को वाटरशेड समिति बावनकेरा विकासखंड महासमुंद, 28 नवंबर को वाटरशेड समिति चौकबेड़ा एवं 29 नवंबर को वाटरशेड समिति जबलपुर विकासखंड पिथौरा में आयोजित की गई। कार्यक्रम के दौरान महिला स्व-सहायता समूह के सदस्यों व ग्रामीणणों द्वारा श्रमदान, प्रभात फेरी निकली गई तथा स्कूली बच्चों द्वारा रंगोली प्रतियोगिता, पानी की पाठशाला, पानी की बचत के लिए शपथ, प्रश्नोत्तरी, भाषण, नाट्य कला, पारंपरिक खेलकूद का आयोजन किया गया।

**प्रवचन : श्री राधाकृष्ण मंदिर परिसर में भगवान श्रीराम और श्री कृष्ण की कथा जारी**

# पद-प्रतिष्ठा मिलने पर अहंकार न करें, वक्त बदलने में देर नहीं लगती है : पंडित मेहता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

श्री राधाकृष्ण मंदिर परिसर में उज्जैन से पहुंचे सुप्रसिद्ध प्रवचनकार पंडित विजय शंकर मेहता ने बेहद प्रभावशाली अंदाज में ओजस्वी व्याख्यान के दौरान भगवान श्रीराम और श्री कृष्ण की कथा बताते हुए कहा कि हमारे देश की भारतीय संस्कृति की आत्मा राम और कृष्ण है। इन दोनों ही अवतारों ने हमें जीवन जीने की कला सिखाई। दोनों ही विपरीत परिस्थितियों में अवतार लिए। श्री कृष्ण अंधेरे में आधी रात को पैदा हुए तो श्री राम मध्यान्ह में दिन के उजाले में।

पंडित जी ने बताया कि श्रीकृष्ण ने कहा कि तुम्हारे पाप कर्म बढ़ेंगे तब मैं आऊंगा और श्रीराम ने कहा तुम्हारे सत्कर्म बढ़ेंगे तो मैं आऊंगा। राम की यात्रा महलों से जंगलों की ओर होती है और श्री कृष्ण महलों की ओर बढ़े। दोनों ने ही अपने जीवन में ऊंचाइयां प्राप्त की। कहा कि श्रीराम एक सीधा-साधा नाम है जबकि श्री कृष्ण के नाम में टेढ़ापन दिखता है। राम के पास सब कुछ था उन्होंने सब छोड़ दिया। जबकि कृष्ण के पास कुछ नहीं था और उन्होंने सब कुछ पाया। पंडित जी ने बताया कि संपत्ति यदि भगवान के काम में, परमार्थ में लगाई जाए तो यह समझ लो कि तुम मुट्ठी भर दोगे तो वह इतना देगा कि तुम्हारी झोली भी छोटी पड़ जाएगी। भगवान देने में कोई कमी नहीं करते सवाल पात्रता का है। दोनों ही अनूठे हैं। हम आज भगवान श्री कृष्ण के जीवन से शांति कैसे प्राप्त हो सकती है उसकी बात कर रहे हैं। अशांति पांच रास्तों से आती है। संसार मार्ग से, संपत्ति से, संबंधों से, स्वास्थ्य से और पांचवी संतान से। आदमी सभी समस्याओं से उबर सकता है लेकिन संतान से जब समस्याएं होने लग जाती है तो वह टूट जाता है। ऐसे समय में हमें श्री कृष्ण याद आते हैं क्योंकि वह अपनी जीवन शैली से बड़ी से बड़ी समस्याओं को चुटकियों में हल कर देते हैं। वह सदा धर्म के साथ रहते हैं। श्री मेहता जी ने आगे कहा कि आजकल एक नई बीमारी पैदा हो गई है। लोग कहते हैं कि पता नहीं आज कुछ अच्छा नहीं लग रहा है। मूड ठीक नहीं है। बताया कि भगवान भक्तों के अधीन होते हैं। भक्ति के आग्रह के आगे वह झुक जाते हैं। द्रौपदी और सुदामा का प्रसंग भी बताया। पद, प्रतिष्ठा, धन और ख्याति मिले तो अहंकार जरा भी मत करना। वक्त बदलने में देरी नहीं होती। यदि समाज ने हमको कुछ दिया है तो हम समाज को श्रेष्ठ बनाने की कोशिश करें। अपनी योग्यता परिश्रम में यदि हम आगे निकल जाएं, औरों से अतिरिक्त हमारे पास आ जाए, तो उन लोगों को कभी मत भूलना जो सहयोगी बने थे। उन्हें भी अपने हिस्से का देना। यदि ऐसा जो करते है तो भगवान भी अपना हिस्सा उन्हें भी दे देता है।

कथा प्रसंग के दौरान पंडित मेहता ने कहा कि हमारे जो सबसे बड़े प्रशंसक हैं वह सफेद बाल वाले हैं। कोशिश कीजिए कि नई पीढ़ी भी आकर सत्संग में बैठे, मंदिर जाए ,आस्थावान बने, अपने आध्यात्मिक पक्ष को मजबूत करें, नई पीढ़ी तार्किक है, जिज्ञासु है उसे उसी ढंग से हमें संतुष्ट करना है। कहा कि कभी भी अपने माता-पिता को उदास मत करना। घर का कोई एक सदस्य भी उदास है तो आपके पूजा करने का कोई मतलब नहीं। हमने पत्थर में प्राण प्रतिष्ठा तो की पर उन्हें भूल गए जो घर में जीवंत देव प्रतिमाएं विराजमान है। पहले उन्हें पूछिए। पंडित श्री मेहता ने श्री अग्रवाल परिवार को अंतर्मन से आशीर्वाद देते हुए कहा कि इस भव्य श्रीराधाकृष्ण मंदिर का निर्माण उन्होने किया है जो अपने 100 साल पूरे कर रहा है इसके बनने में, रखरखाव में, देखभाल में जिनकी भी भूमिका है मैं उन सभी को प्रणाम करता हूं। भगवान सबको खुश रखे और श्री हनुमान जी महाराज से प्रार्थना करता हूं कि आपके जीवन में कभी दुख न आए। हमेशा मुस्कुराते रहिए।





**श्री राधाकृष्ण मंदिर के इतिहास से जुड़ी पुस्तिका का विमोचन**

इस अवसर पर मंच से ही पंडित विजय शंकर मेहता ने श्री राधाकृष्ण मंदिर के इतिहास से जुड़ी एक पुस्तिका का विमोचन किया। मंच पर मंदिर ट्रस्ट के कुसुम देवी, बीना देवी, सविता देवी, पूजा देवी, निधि देवी, भारती देवी, गौरी देवी अग्रवाल मौजूद थी। इस पुस्तिका को पंडित ब्रह्मदत्त शास्त्री ने लिखी है। पं. शास्त्री ने बताया कि मेरे दादाजी पंडित सूरजमल शास्त्री इस मंदिर के प्रथम अध्याय के पुजारी थे। उन्होंने ही मंदिर का भूमिपूजन कराया था। प्राण प्रतिष्ठा कराई थी। उनका देवलोक गमन भी मंदिर में ही हुआ था। इसके बाद में मेरे दादाजी के ज्येष्ठ पुत्र पंडित बनवारी लाल जी ने पूजा सेवा संभाली और 23 वर्षों तक की। मेरे लिए यह सौभाग्य की बात है कि मैं अग्रवाल परिवार से जुड़ा हुआ हूं। भगवान से प्रार्थना है कि इस परिवार में धर्म का प्रभाव सदैव बना रहे सुख समृद्धि हो यही मंगल कामना है। पंडित मेहता का मंदिर ट्रस्ट की ओर से देवराज सांखला, मनमोहन अग्रवाल डॉक्टर टीएन रमेश, किशन सांखला, विजय गोयल ने स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया। बता दें कि मंच में प्रवचन शुरू करने के पहले पंडित विजय शंकर मेहता ने भगवान श्री राधाकृष्ण का दंडवत प्रणाम किया। यज्ञशाला की परिक्रमा की।

# डबल इंजन सरकार की सुगम व्यवस्था से किसान खुश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम



भाजपा नेता किशोर देवांगन इन दिनों क्षेत्र के कुछेक धान खरीदी केंद्रों में पहुंचे। व्यवस्था का अवलोकन किया और किसानों से बात की। इस दौरान धान खरीदी प्रक्रिया से अब तक किसान भाई काफी खुश और संतुष्ट नजर आए। क्योंकि उनका धान सहज तरीके से बिक रहा है, भुगतान भी तत्काल मिल रहा है। बताया कि छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव साय सरकार की इस सुगम व्यवस्था से किसान भाई संतुष्ट है। प्रदेश में किए जा रहे विकास कार्यों से भी काफी प्रसन्न हैं। किसान भाइयों का कहना है कि मोदी जी के मार्गदर्शन में चल रही साय सरकार, प्रदेश के प्रत्येक वर्ग के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है और जिसका लाभ निश्चित रूप से सभी को मिल रहा है। डबल इंजन सरकार के प्रयासों से आज छत्तीसगढ़ नक्सलवाद के अभिशाप से मुक्त होने जा रहा है। छत्तीसगढ़ की पहचान अब नक्सलवाद की जगह, विकास के पथ पर तीव्र गति से दौड़ रहे राज्य के रूप में बन गई है, जो प्रत्येक छत्तीसगढ़िया का सम्मान है। आज छत्तीसगढ़ एक नया छत्तीसगढ़ बन चुका है, जहां किसान, युवा, गरीब, नारी शक्ति सहित हर वर्ग खुश है। किशोर ने बताया कि धान खरीदी प्रक्रिया के दौरान किसान भाइयों को किसी भी तरह की समस्या और परेशानी तो नहीं हो रही है यह जानने के लिए वे लगातार धान खरीदी केंद्रों में पहुंचकर किसानों से चर्चा कर रहे है। कहा कि किसानों का हित, मोदी और साय की डबल इंजन सरकार की सबसे पहली प्राथमिकता में शामिल है। 15 नवंबर से प्रदेश में शुरू हुए सरकारी धान खरीदी के दौरान किसानों को किसी तरह की दिक्कत न हो, यह देखना केवल साय सरकार की ही नहीं बल्कि प्रत्येक भाजपाई और किसान हितैषी जनप्रतिनिधियों की भी है। मैं स्वयं लगातार विभिन्न धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण कर रहा हूं तथा इस दौरान कहीं कुछ दिक्कत दिखाई देती है, तो अपने स्तर पर अधिकारियों से संपर्क कर उन्हें दूर करवाता हूं। यही प्रयास सभी को करना चाहिए क्योंकि कृषि और किसान ही हमारे देश व प्रदेश की अर्थव्यवस्था की मुख्य धुरी है।

# सामुदायिक स्वास्थ केंद्र फिंगेश्वर में मितानिनों का सम्मान हुआ



**फिंगेश्वर।** स्वास्थ सेवाओं को गांव से गली एवं घरों तक पहुंचाने वाले मितानीनों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ऋृफगेश्वर में स्वास्थ कर्मियों ने स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर ऋृफगेश्वर नगर की मितानिनों ने गौरान्वित महसूस किया है। कार्यक्रम मे सुपरवायजर आशा पोद्दार ने कहा कि मितानीन दीदीयों ने स्वास्थ सेवा को लेकर नगर के वार्डो में बेहतर कार्यों को अंजाम देते हुए स्वास्थ सेवाओं को घरों तक पहुंचा रही है।घरों से गर्भवती माताओं को टीका लगाने से लेकर जांच कराने एवं प्रसव के कार्यो के लिए अस्पताल लेकर पहुंचती है जिससे लोगो को सुरक्षित स्वास्थ सेवा का लाभ मिल रहा है। स्वास्थ सेवा को आगे भी निरंतर बनाये रखने की हम सभी उम्मीद करते हैं।मितानीन दिवस की आप सभी को बधाई देती हूं। मितानीन दिवस पर नर्मदा कामड़ी, सुनीता राजवंशी, निर्मला यादव, मुकेश्वरी यादव, लोकेश्वरी यादव, बसंती यादव, द्रोपदी ध्रुव, ललिता ध्रुव, विशाखा निषाद, मंजू मारकंडे, प्रतिभा मारकंडे, सीमा यादव, उमा यादव, किरण निर्मलकर, अनीता निर्मलकर, दर्रीपार की मितानिन राधा साहू, पुष्पा साहू, सौहाद्रा भीमो, गदहीडीह की मितानिन कुमारी ध्रुव और नीरा सोनी का सम्मान सुपरवाइजर आशा पोद्दार, डी वर्मा एवं महिला स्वास्थ कार्यकर्ता सुधा नायक एवं सत्यवती दिवाकर के द्वारा किया गया।




**शौर्य और संकल्प के साथ मनाया गया 77वां एनसीसी दिवस**

# राजिम में 350 कैडेट्स ने किया परेड



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम।

27 छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी रायपुर के कमान अधिकारी कर्नल सौरभ कुमार एवं प्रशासनिक अधिकारी कर्नल सुभाष महतो के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में 77वां एनसीसी दिवस शासकीय राजीव लोचन महाविद्यालय में मनाया गया यह जानकारी देते हुए एनसीसी अधिकारी सागर शर्मा ने बताया कि इस भव्य आयोजन में महाविद्यालय, शासकीय रामबिशाल पाण्डेय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय एवं पीएमश्री हरिहर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नयापारा के एनसीसी इकाइयों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ एनसीसी ध्वज को फहराकर सलामी देकर मुख्य अतिथि प्राचार्य सविता मिश्रा ,विशिष्ट अतिथि सेजेस राजिम के प्राचार्य संजय एक्का ,प्राचार्य हरिहर स्कूल दानी मैम के विशेष आतिथ्य में हुआ। अतिथियों का स्वागत में तीनों संस्था के एनसीसी कैडेट्स द्वारा मनमोहक गार्ड ऑफ ऑनर,परेड एवं मंच पर सलामी प्रस्तुत किया गया। जिसमें 350 छात्र सैनिक शामिल हुए।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम की दी प्रस्तुति**

इस अवसर पर प्राचार्य सविता मिश्रा ने इसे महाविद्यालय और समस्त छात्र सैनिकों के लिए गौरव का क्षण बताया। एनसीसी कैडेटों की मार्च पास्ट, ड्रिल सहित एकता व अनुशासन की जमकर तारीफ की। कैप्टन दुष्यंत ध्रुवा ने कहा कि एनसीसी से छात्र केवल एक अच्छा नागरिक ही नहीं वरन सेना, पुलिस व अन्य सेवाओं मे अपनी सेवा प्रदान कर सकते हैं। एनसीसी से जुड़कर कैडेट सर्टिफिकेट प्राप्त करते हैं, ट्रेनिंग लेकर आपात स्थिति में सेना की मदद के लिए तैयार रहते हैं। एनसीसी सेकंड ऑफिसर सागर शर्मा ने कविता सुनाया। छात्र सैनिकों एवं दर्शकों में जोश भर दिया। आयोजन में विशेष अतिथि एसडीओ विकास चंद्राकर ने 150 पौधे वितरित कर रोपने का आह्वान किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी यहां हुई। जिसमें छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य, आदिवासी लोकनृत्य एवं देशभक्ति गीतो से भरपूर रहा। संचालन रियाज खान ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में तोषराम ध्रुव, टोकेश यादव, महेंद्र निषाद, ईश्वर आडिल, किशोर यादव का योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम में परेड कमांडर रितेश पाटकर, कमल नारायण, नूतन देवांगन, राधिका साहू, आर्यन साहू मौजूद थे। प्रारंभ में आकर्षक मार्चपास्ट कर अतिथियों को सलामी दी गई।




# फील्ड विजिट से छात्रों में अवलोकन क्षमता विकसित होती है : डॉ. स्वामी



छुरा। आईएसबीएम विश्वविद्यालय के कला एवं मानविकी संकाय द्वारा अंगारमोती मंदिर तथा गांगरेल डैम के लिए एक दिवसीय शैक्षणिक अध्ययन यात्रा का सफल आयोजन किया गया। इस यात्रा का उद्देश्य छात्रों को सांस्कृतिक विरासत, स्थानीय इतिहास, पर्यटन अध्ययन तथा पर्यावरणीय समझ से जोड़ना था। यात्रा में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा का प्रथम पड़ाव अंगारमोती मंदिर रहा, जो धार्मिक आस्था के साथ-साथ क्षेत्रीय सांस्कृतिक परंपराओं का महत्वपूर्ण केंद्र माना जाता है। विद्यार्थियों ने मंदिर की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, स्थानीय लोककथाओं और सांस्कृतिक प्रभावों का अवलोकन किया। इसके बाद दल गांगरेल डैम पहुंचा, जहां छात्रों ने जल-प्रबंधन, पर्यटन की संभावनाओं और पर्यावरणीय संरक्षण से जुड़े मुद्दों को प्रत्यक्ष रूप से समझा। शैक्षणिक अधिष्ठाता डॉ. एन. कुमार स्वामी ने यात्रा की सराहना करते हुए कहा, फील्ड विजिट से छात्रों में अवलोकन क्षमता और विश्लेषणात्मक सोच विकसित होती है। यह यात्रा उनके शैक्षणिक अनुभव को और अधिक समृद्ध करेगी। विश्वविद्यालय भविष्य में भी ऐसे सार्थक अध्ययन दौरों को बढ़ावा देता रहेगा।